जानकीनगर प्रीमियर लीग 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

बनमनखी पूर्णिया (आससे)। ठाकुर उच्च विद्यालय के कीड़ा मैदान पर जानकीनगर प्रीमियर लीग 20 -20 क्रिकेट टूर्नामेंट 25.10.2026 को शुभारंभ हुआ। किक्रेट टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि मनीष कुमार झा अनुमंडल पदाधिकारी बैनीपुर दरभंगा एवं उद्घाटनकर्ता संजीव कुमार उर्फ सोना पासवान राजद नेता,संजीव कुमार पूर्व अध्यक्ष,रमण यादव जिला परिषद, विजय रोशन पार्षद,आलोक अकेला कांग्रेस प्रवक्ता के संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। उपस्थित संतोष यादव वेरियर मलिक,नितिन यादव, हेमकांत जोशी पार्षद प्रतिनिधि, मुक्ति शर्मा पार्षद, मुकेश राम पार्षद प्रतिनिधि, संतोष मंडल पार्षद,रानु सिंह, आदित्य कुमार सिंह, रमण सिंह, दाहू मंडल पार्षद प्रतिनिधि, एवं सद्दाम हुसैन पार्षद यह टूर्नामेंट दिनांक 25.10.2026 से 03.11.2026 तक मैच का आनंद चलेगा। शुरुआत पिपरा और मधुवन के बीच खेला जा रहा है। यह टूर्नामेंट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आमिर खान की अध्यक्षता में मैच की आगाज किया गया।





हर साल टूर्नामेंट होने से इस क्षेत्र के सभी बेरोजगार अभिभावक बड़ी संख्या में मैचों का आनन्द लेने आते हैं। कांग्रेस नेता संजीव कुमार पूर्व अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि खेल से जीवन सुखमय और स्वास्थ्य का बहुत बड़ा लाभकारी है इसलिए सभी नौजवानों से यही कहना चाहता हूं कि आप सभी कोई भी खेल पर ध्यान दें जिससे सभी स्वस्थ रहेंगे।

थाना से महज 50 मीटर दूर गांजा बेच रहा कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़ा

कदवा (कटिहार) आससे। कदवा पुलिस ने थाना मुख्यालय से महज 50 मीटर की दूरी पर कार्रवाई करते हुए एक गांजा विक्रेता को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि कुम्हड़ी सब्जी मंडी स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप एक व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में गांजे की बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही कदवा पुलिस ने दलबल के साथ मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को भारी मात्रा में गांजे के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान कुम्हड़ी पंचायत निवासी नित्यानंद मंडल के रूप में हुई है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 293 ग्राम गांजा, 792 ग्राम जिपर लगा खाली पन्नी, एक मोबाइल, गांजा काटने वाली कैंची, इलेक्ट्रॉनिक तराजू एवं 1550 रुपया नगद बरामद किया गया है। मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

अपनी प्रतिभा का डंका बजा लौट आया राहुल

हसनगंज (कटिहार) आससे। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हसनगंज का छात्र राहुल कुमार,जो राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता में भाग लेने कटिहार जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली गया था, वहां प्रगति मैदान में आयोजित प्रदर्शनी में उसने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। इस मॉडल को हज़ारों लोगों ने देखा और सराहा। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों से इंस्पायर मानक के तहत चुने गए छात्रों ने हिस्सा लिया था। प्रदर्शनी से लौटने के पश्चात शिक्षा मंत्री, बिहार सरकार के द्वारा भी राहुल और अन्य छात्रों को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। आज विद्यालय परिवार के द्वारा न केवल राहुल बल्कि उसके मेंटर शिक्षक राकेश कुमार का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर राहुल ने दिल्ली में बिताए अपने अनुभव को बच्चों के समक्ष रखा और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राहुल की इस सफलता पर शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र- छात्राओं व प्रधानाध्यापक पवन कुमार भगत ने खुशी जाहिर की है।



पांच माह से नहीं मिली है मिड-डे मील राशि वेतन से मील चलाने की मजबूरी : तमीजुद्दीन

कदवा (कटिहार) आससे। कदवा सहित अन्य प्रारंभिक विद्यालयों में पिछले पांच महीनों से मध्याह्न भोजन योजना की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इससे प्रधानाध्यापकों को बच्चों को एम डी एम मुहैया कराने में भारी परेशानी हो रही है।शिक्षक अपने वेतन से उधार लेकर लगातार मिड-डे मील का संचालन करने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में ध्यान नहीं दे रही है। हालांकि राशि नहीं मिलने के बावजूद सरकारी विद्यालयों में मिड-डे मील का संचालन जारी है। इस मामले को लेकर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. तमीजुद्दीन ने बताया कि योजना के परिवर्तन मूल्य का भुगतान चिन्हित वेंडरों को नहीं हुआ है। रसोइयों को भी अनियमित भुगतान से परेशानी हो रही है। वेंडरों की धमकी से परेशान हैं प्रभारी शिक्षक। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वेंडर लगातार प्रभारी शिक्षकों से भुगतान की मांग कर रहे हैं और आगे सामग्री नहीं देने की धमकी दे रहे हैं। चौक-चौराहे पर भी तगादा किया जा रहा है। प्रखंड व जिला स्तर के पदाधिकारी भुगतान के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन राज्य स्तर की नीति के कारण विलंब हो रहा है। जीएसटी वाले नए नियम से और भी बढ़ी है मुश्किल। शिक्षक नेता मो. तमीजुद्दीन ने कहा कि अगर विभाग की नीति में लचीलापन नहीं होता है, तो एमडीएम का सुचारू संचालन मुश्किल हो जाएगा और बच्चे भोजन से वंचित हो सकते हैं।



सालेहपुर इज्तेमा स्थल व्यवस्था से संतुष्ट हुए यातायात डीएसपी

विधि-व्यवस्था से लेकर ट्रैफिक प्रबंधन तक की तैयारियों का लिया जायजा

फलका (कटिहार) आससे। फलका प्रखंड के सालेहपुर हल्का में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा की तैयारियों का जायजा लेने रविवार को यातायात डीएसपी सद्दाम हुसैन इज्तेमा स्थल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं के लिए की जा रही बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इज्तेमा स्थल पर की गई तैयारियों को देखकर डीएसपी संतुष्ट नजर आए और आयोजन को लेकर खुशी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान अररिया जिले से आए हजरत खुर्शीद अहमद साहब ने डीएसपी सद्दाम हुसैन को इज्तेमा स्थल पर पेयजल, बिजली, ठहरने सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। खास तौर पर इज्तेमा में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के दौरान संभावित यातायात समस्याओं, वाहनों के आवागमन तथा उनके सुचारु संचालन को लेकर की गई तैयारियों और समाधान के उपायों से अवगत कराया। यातायात डीएसपी ने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विधि-व्यवस्था और ट्रैफिक संचालन को लेकर आवश्यक पहलुओं की जानकारी ली। इज्तेमा में संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने व्यवस्थाओं को करीब से देखा और आयोजन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उनके साथ इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मंडल सहित पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं, फलका थानाध्यक्ष प्रहलाद कुमार यादव भी अपने दल-बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सालेहपुर महेशपुर पंचायत के मुखिया अब्दुल माजिद, सरपंच मो0 आमिल उर्फ भुट्टो, भंसाढ़ के मो0 नैयर आलम, शहीदगंज के मो0 मुन्ना तथा 'आज' हिंदी दैनिक अखबार के सहायक ब्यूरो चीफ मो0 इबरार आलम ने भी व्यवस्था का जायजा लेने में सहयोग किया। सालेहपुर में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण से आयोजन की तैयारियों को लेकर सक्रियता और बढ़ गई है।

डॉ. तारकेश्वर कुमार ने बीएएसआईसीओएन 2026 में वैज्ञानिक सत्र की संभाली कमान

पूर्णिया (आससे)। पूर्णिया के सर्जन डॉ. तारकेश्वर कुमार ने पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित %बीएएसआईसीओएन 2026% के 45वें वार्षिक सम्मेलन में वैज्ञानिक सत्र के अध्यक्ष (चैयरमेन) के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना एवं एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसआई), बिहार चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 25 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में देश भर के नामचीन सर्जन और चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल हुए।



सम्मेलन के दौरान 24 अक्टूबर को दोपहर 1ः30 से 1ः45 बजे तक आयोजित एब्डॉमिनल ट्यूबरकुलोसिस- सर्जिकल कन्सिडरेशन्स (पेट की टीबी- सर्जरी संबंधी महत्वपूर्ण पहलू) विषयक वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता डॉ. तारकेश्वर कुमार ने की। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य पेट की टीबी के सर्जिकल प्रबंधन से जुड़े जटिल पहलुओं पर गंभीर अकादमिक चर्चा करना और चिकित्सा क्षेत्र के अपने अनुभवों का आपसी आदान-प्रदान करना था। इस राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित सम्मेलन में सत्र की अध्यक्षता करने का अवसर मिलने पर डॉ. कुमार ने आयोजन समिति, आईजीआईएमएस पटना तथा एएसआई बिहार चैप्टर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक सम्मेलन सर्जनों के ज्ञानवर्धन, नवीनतम चिकित्सा पद्धतियों को सीखने और अंततः मरीजों को और अधिक बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव : मतगणना की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण

पूर्णिया (आससे)। पूर्णिया में 06 कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए होने वाली मतगणना को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में रविवार को जिला पदाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी अंशुल कुमार ने जिला स्कूल पूर्णिया परिसर स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति भवन पहुंचकर स्ट्रॅान्ग रूम और मतगणना स्थल का गहन भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की जा रही सभी तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने सबसे पहले सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र की समीक्षा की। उन्होंने मतगणना हॉल और स्ट्रॅान्ग रूम के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों का जायजा लिया तथा वहां स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की विशेष रूप से जांच की। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरी मतगणना प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा और पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर गतिविधि पर कैमरों की पैनी नजर होनी चाहिए ताकि समूची प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और त्रुटिरहित बनी रहे।

इसके बाद जिला पदाधिकारी ने मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त किए जाने वाले सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के एजेंटों, प्रत्याशियों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने मतगणना स्थल पर उनके प्रवेश, निकास, बैठने की व्यवस्था और वाहन पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों का निरीक्षण किया, ताकि मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा या भीड़भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके साथ ही, उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों के लिए की जा रही तैयारियों का भी अवलोकन किया ताकि मीडिया कर्मी निष्पक्ष और सुगम तरीके से कवरेज कर सकें।



निरीक्षण के अंत में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने संबंधित सभी विभागों और कोषांगों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मतगणना स्थल पर साफ-सफाई की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी जरूरी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरी हो जानी चाहिए ताकि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या तकनीकी बाधा का सामना न करना पड़े। इस उच्चस्तरीय निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के कई वरीय अधिकारी तथा विभिन्न चुनाव कोषांगों के नोडल पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

लोकगायिका विंध्यवासिनी देवी की स्मृति में शरद पूर्णिमा पर लोकगीत आयोजित

फारबिसगंज (अररिया)। स्थानीय पंचमुखी हनुमान मंदिर के निकट स्थित प्रज्ञा बाल संस्कारशाला में मीराबाई-लक्ष्मीबाई मंच के द्वारा गायत्री परिवार सदस्या अंजुला देवी की अध्यक्षता में अमर लोकगायिका विंध्यवासिनी देवी की स्मृति में शरद पूर्णिमा के सुअवसर पर लोकगीत (सांस्कृतिक) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर दर्जनों संख्या में उपस्थित महिलाओं निशा पाठक, फूलवंती देवी, नेहा कुमारी, दीपशिखा कुमारी, शोभा देवी, बेबी देवी एवं कन्याओं में प्रज्ञा गुप्ता, स्वीटी, शुभांगी, सृष्टि, पार्वती, देविका, आरती,भारती, काव्या ने मधुर मधुर लोकगीत शमा चकेवा, विवाह एवं विदाई गीत के अलावा विंध्यवासिनी देवी के गाई लोक गीत। सुनकर वातावरण को आनंदित कर दिया।कुछ बच्चों ने मां दुर्गा के भी भक्ति गीत सुनाये। रामेश्वर पुस्तकालय के संस्थापक हर्ष नारायण दास द्वारा धार्मिक पत्रिकाओं का वितरण किया गया ,जबकि मंच के संयोजक विनोद कुमार तिवारी के द्वारा बच्चों को उपहार प्रदान किया गया और सुभाष कुमार के द्वारा प्रसाद वितरण हुआ।

पूर्णिया में कांग्रेसी ने महारैली की तैयारी शुरू की

पूर्णिया (आससे)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बुद्धिजीवी एवं नीति समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर आलोक कुमार ने कहा है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की प्रस्तावित महारैली को लेकर बिहार सहित पूरे देश में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस महारैली में दस लाख लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है, जहां राहुल गांधी के नेतृत्व में देश के छात्र-छात्राओं, नौजवानों, किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं तथा उनके आक्रोश को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। पटना में अपने बयान में प्रोफेसर आलोक कुमार ने कहा कि आज देश के विभिन्न वर्गों के बीच रोजगार, शिक्षा, महंगाई, किसानों के हितों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता को लेकर गहरा असंतोष है। जनता अपने अधिकारों और बेहतर भविष्य के लिए जवाबदेही की मांग कर रही है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े चुनावी निष्पक्षता के सवालों समेत अन्य महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा और जवाबदेही को आवश्यक बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इन सवालों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाती रहेगी और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी।

निर्माण की रफ्तार तेज, यातायात व्यवस्था फेल

एसएच-98 पर जाम की समस्या से परेशानी ● वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से राहगीर हलकान

बारसोई (कटिहार) आससे। स्टेट हाईवे-98 पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन इस दौरान आम लोगों के आवागमन को सुचारु बनाए रखने की व्यवस्था सवालों के घेरे में है. शनिवार को बारसोई के दइचन रेल गेट के पास निर्माण कार्य के कारण करीब दो घंटे तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही. सड़क पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई. बाइक, ऑटो, चारपहिया वाहन और अन्य गाड़ियों में सवार लोग घंटों परेशान रहे. निर्माण कार्य के बीच यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है।

सड़क निर्माण के दौरान यातायात को नियंत्रित रखना और राहगीरों के लिए सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराना जरूरी है. इसके बावजूद दइचन रेल गेट के पास ऐसी व्यवस्था नजर नहीं आई, जिससे वाहनों का परिचालन निर्बाध बना रह सके. नतीजतन, निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए इंतजार करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एसएच-98 का निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन निर्माण एजेंसी को काम के साथ-साथ यातायात व्यवस्था पर भी ध्यान देना चाहिए. रेल गेट के पास निर्माण शुरू करने से पहले वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था, वाहनों का नियंत्रित परिचालन और जरूरत के अनुसार कर्मियों की तैनाती की जाती, तो लोगों को इस परेशानी से बचाया जा सकता था।



करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहने की घटना ने निर्माण स्थल पर यातायात प्रबंधन की जरूरत को उजागर कर दिया है. स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है. लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि सड़क निर्माण भी जारी रहे और आम राहगीरों को घंटों जाम में फंसकर परेशान न होना पड़े।

अब सवाल यह है कि क्या संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए दइचन रेल गेट के पास यातायात व्यवस्था दुरुस्त करेंगे, या फिर राहगीरों को आगे भी इसी तरह की परेशानी झेलनी पड़ेगी।

प्रस्तुति : विजय भारती

438 लीटर विदेशी शराब के साथ पिकअप जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

किशनगंज (आससे)। बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच किशनगंज पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए पाठामारी थाना क्षेत्र में बड़ी खेप पकड़ी है। अमलझाड़ी पेट्रोल पंप के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 438.03 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद करते हुए तस्करी में प्रयुक्त एक पिकअप जब्त किया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब शराब की खेप के स्रोत से लेकर इसके गंतव्य तक का पता लगाने में जुटी है, ताकि तस्करी के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देशन में जिले में अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 25 अक्टूबर को गुप्त सूचना के आधार पर पाठामारी थाना पुलिस ने अमलझाड़ी पेट्रोल पंप के समीप वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान ठाकुरगंज की ओर से आ रही पिकअप (रजिस्ट्रेशन नंबर- क्क43रक्क0936) पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगी। पुलिस को संदेह होने पर वाहन को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान पिकअप से कुल 438.03 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। मौके से पिकअप चालक ज्योतिष कुमार (25 वर्ष), पिता दीपनारायण यादव, निवासी बखरी, थाना एवं जिला मधेपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में पाठामारी थाना कांड संख्या 44/2026, दिनांक 25 अक्टूबर 2026 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 की धारा 30(ए) में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


पीएम-प्रणाम योजना : खेतों की सेहत सुधारने पर बल

डीडीसी डॉ. नेहा कुमारी ने किसानों से आधुनिक व स्वदेशी तकनीक अपनाने की अपील की

कटिहार। कटिहार जिले में मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इफको एवं जिला कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में %पीएम-प्रणाम% (क्करू-क्कह्न रू) योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त (डीडीसी) डॉ. नेहा कुमारी (आईएएस), विशिष्ट अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार एवं इफको बिहार के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

जागरूकता कार्यक्रम के आधुनिक व स्वदेशी तकनीकों पर बल- डीडीसी डॉ. नेहा कुमारी ने किसानों से संवाद करते हुए आधुनिक एवं स्वदेशी कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अंतिम छोर के किसानों तक पहुंचकर योजना के उद्देश्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं।मिट्टी की जांच और संतुलित खाद- जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि मिट्टी की उर्वरता बचाना और लागत कम कर आमदनी बढ़ाना ही प्राथमिकता है। किसान मृदा जांच और वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप ही संतुलित रासायनिक व जैव उर्वरकों का इस्तेमाल करें। इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक लाभ, प्रयोग की सही विधि और अनुशंसित मात्रा की जानकारी कार्यक्रम के जरिए %स्वस्थ मिट्टी, संतुलित उर्वरक उपयोग और समृद्ध किसान% के संकल्प को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों, कृषि समन्वयकों, इफको प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।



वीर परिवार सहायता योजना को लेकर जागरूकता अभियान

कटिहार। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार के आदेशानुसार नालसा के वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कटिहार में अवस्थित विधिक सहायता केंद्र में सिविल जज (वरीय कोटि) सह सचिव के आदेशानुसार जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में नालसा के वीर परिवारों को सहायता योजना 2025 के बारे में पारा विधिक स्वयंसेवक पवन कुमार के द्वारा विधिक सहायता केंद्र में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कटिहार के सभी कर्मी एवं सेवा निवृत्त सैनिक के परिवार उपस्थित रहे तथा जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कटिहार विंग कमांडर संगीता मल्ला के द्वारा बताया गया कि इस विधिक सहायता केंद्र के माध्यम से चार जिलों के सैनिकों के परिवार जनों एवं आश्रितों को माननीय नालसा द्वारा वीर परिवार सहायता योजना 2025 का लाभ रक्षा कर्मियो एवं सैनिकों के परिवार तक सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार काफी सक्रियता से कार्य कर रही है इनके द्वारा पारा विधिक स्वयंसेवक पवन कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है कि नालसा के इस वीर परिवार सहायता योजना 2025 को धरातल पर उतारा जाए और ज्यादा से ज्यादा सैनिकों के परिवार को इस योजना का सीधा लाभ दिलाया जा सके ताकि जरूरतमंद सैनिक के परिवारों को इसका सीधा लाभ मिल सके इसी क्रम में आज दिनांक 22-10-2026 को एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिनियुक्ति पारा विधिक स्वयंसेवक पवन कुमार ने अपील की कि जरूरतमंद सैनिक के परिवार को इस विधिक सहायता केंद्र मिलने वाली लाभ के बारे में बताया।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद् 09335414722
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002

आज का राशिफल सोमवार, 26 अक्टूबर 2026

- **मेष-** व्यवसायिक लाभ, धर्म-अध्यात्म में आस्था, मनोविनोद के अवसर, मनोरंजन में रुझान।
- **वृषभ-** अर्थपक्ष में हानि, आरोग्यसुख में कमी, व्यय की अधिकता, तालमेल का अभाव।
- **मिथुन-** आत्मिक शांन्ति, निर्णय अनुकूल, धनागम का लाभ, व्यय की अधिकता, यात्रा सुखद।
- **कर्क-** मनोकामना पूर्ण, परिवार में हर्षोल्लास, मेलमिलाप में रुचि, धर्मअध्यात्म में आस्था।
- **सिंह-** साहसिक प्रयास प्रगति पर, नवीन उपलब्धि, परिजन सहायक, अतिथि का आगमन।
- **कन्या-** मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, मित्रों से गलतफहमी, धनागम में बाधा।
- **तुला-** परिवार में हर्षोल्लास, श्रेष्ठजनों का सहयोग, अधूरी योजना पूर्ण, धनसंचय में रुचि।
- **वृश्चिक-** स्वास्थ्य बेहतर, पुराने विवाद का समापन, उन्नति का प्रयास, प्रसन्नता का वातावरण।
- **धनु-** दिनमान अनुकूल, कार्यक्षमता में वृद्धि, सलाह लाभदायक, राजकीय पक्ष से लाभ।
- **मकर-** व्यापार में परेशानी, विरोधियों का वर्चस्व, सम्बन्धों में कटुता, मानसिक तनाव।
- **कुम्भ-** अभिलाषा की पूर्ति, धनागम, मौजमस्ती में व्यय, गलतफहमी दूर, यात्रा सार्थक।
- **मीन-** नवयोजना साकार, निर्णय अनुकूल, सलाह लाभदायक, अभिष्ट सिद्धि, यात्रा सुखद।

आज है जिनका जन्मदिन 26 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 26 का मूलांक 8 का स्वामी ग्रह शनि एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। स्पष्टवादी, परिश्रमी व साहसी व्यक्ति होंगे। आपकी इच्छा सदैव ऊँचा पद यात्रा बड़ा व्यापार को करने के इच्छुक रहेंगे। सूक्ष्मदर्शिता विशेष गुण होगा। हँसमुख स्वभाव के कारण अनजान व्यक्ति भी आपके सम्पर्क में आज जायेगा। मित्र बन जायेगा। सहज ही कुछ भी प्राप्त नहीं कर पायेंगे। इसके लिए कठिनाईयों के दौर से गुजरना पड़ेगा। क्रोध की स्थिति में अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठेंगे। अनुशासन प्रिय होंगे और चाहेंगे कि आपके अधीनस्थ भी अनुशासन में रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधा के निमित्त अधिक व्यय करेंगे। स्पष्टवादी होने के कारण कुछ लोगों से विरोध रहेगा। ये व्यक्ति हानि पहुँचाने की दिशा में गुप्त षडयंत्र करेंगे। कुल देवी-देवता की पूजा अवश्य करें। दैनिक जीवन में हरा एवं नीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें। शनिवार के दिन काले रंग की वस्तुओं का दान करें। शुद्ध शाकाहारी जीवन व्यतीत करें। सुख-सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधिपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

- मन्त्र : ॐ शं शनैश्चराय नमः
- व्रत : शनिवार
- दिन : सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार
- दिनांक : 8, 17, 26
- अंक : 2, 4, 6, 7
- मास : जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
- वर्ष : 8, 17, 26, 35, 44, 53, 62, 71
- रंग : हरा, नीला, काला एवं भूरा
- जन्मरत्न : नीलम उपरत्न : नीली
- जड़ी : लाल चन्दन की जड़

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 जनवरी से 20 फरवरी, 20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

12	7	14
13	11	9
8	15	10

सुडोकू ४०९५

7	9			3				
						5		8
				2				
	6	5						
				9			4	
2						1		
			8					
3								
			5		6			9

तरीका खेलने का : दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक खाने में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। कोई भी संख्या दोहराई न जाए।

हल : ४०९४ सुडोकू

4	2	9	5	3	8	1	7	6
5	8	3	1	7	6	9	2	4
7	1	6	2	9	4	5	8	3
2	7	1	4	8	3	6	5	9
6	9	5	7	1	2	4	3	8
8	3	4	9	6	5	2	1	7
9	5	7	3	4	1	8	6	2
3	6	2	8	5	9	7	4	1
1	4	8	6	2	7	3	9	5